एक नजर में

जिले में राजस्व शिकायत निवारण में सैलाना प्रथम

सैलाना। प्रतिमाह सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से दर्ज शिकायतों के निवारण को लेकर संबंधित विभाग द्वारा की गई कार्यवाही का मूल्यांकन कर प्रदर्शन के आधार पर शासकीय विभागों को ग्रेड प्रदान की जाती है। 21 जुलाई को राजस्व विभाग की जारी ताजा रेंकिंग मे एसडीएम मनीष जैन के नेतृत्व में अनुविभाग ने उल्लेखनीय ग्रेड पाई, जिसमे सैलाना तहसील ने ए ग्रेड हासिल करते हुए जिले की 9 तहसीलों में प्रथम स्थान प्राप्त किया खांस बात यह हेंकी रेंक में सैलाना ही नहीं अपितु अनुभाग की तीनों तहसीलों सैलाना, बाजना एवं रावटी को क्रमश: प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान मिला है जो जिले मे पहली बार देखने को मिला है ।करीब तीन वर्षो के अंतराल मे प्राप्त रेंकिंग को लेकर नवागत तहसीलदार कुलभूषण शर्मा ने इस सफलता का श्रेय अनुविभागीय अधिकारी मनीष जैन के उचित मार्गदर्शन, विभाग के सभी पटवारियों के प्रयासों एवं जनता के सहयोग को दिया ।

26 से पातालपानी-कालाकुंड हेरिटेज ट्रेन

रतलाम। पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की माँग को ध्यान में रखते हुए पातालपानी-कालाकुंड हेरिटेज ट्रेन शुरू की जा रही है। यह ट्रेन 26 जुलाई, 2025 से प्रति शनिवार एवं रविवार को चलेगी। ट्रेन संख्या 52965 पातालपानी - कालाकुंड हेरिटेज ट्रेन 11.05 बजे पातालपानी से चलकर 13.05 बजे कालाकुंड पहुँचेगी तथा वापसी में ट्रेन संख्या 52966 कालाकुंड - पातालपानी हेरिटेज ट्रेन कालाकुंड से 15.34 बजे चलकर 16.30 बजे पातालपानी पहुँचेगी। इस ट्रेन में दो एसी चेयरकार सी-1 व सी-2 एवं तीन नॉन एसी चेयर कार डी-1, डी-2 व डी-3 रहेंगे। इस हेरिटेज ट्रेन में आने-जाने के लिए अलग-अलग टिकट लेना होगा। इस ट्रेन के एक दिशा के लिए एसी चेयर कार का किराया रु 265/- एवं नॉन एसी चेयर कार का किराया रू 20/- प्रति टिकट प्रति व्यक्ति रहेगा । ट्रेन संख्या 52965/52966 पातालपानी-कालाकुंड हेरिटेज ट्रेन की बुकिंग 24 जुलाई, 2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी।

पानी टंकी के स्टेण्ड टूटने की जांच दल करेगा

रतलाम। कलेक्टर राजेश बाथम द्वारा नगर परिषद धामनोद के वार्ड क्रमांक 14 मे लोहे के स्टेण्ड पर रखी पानी की टंकी स्टेण्ड टुटने के कारण गिरने व एक बालक की मृत्यु होने संबंधी प्रकरण सामने आने पर जांच हेतु दल का गठन किया गया है। जांच दल में दल प्रभारी तहसीलदार कैलाश कनौजे, राजस्व निरीक्षण नामली श्रीमती ज्योत्सना भाटी, पटवारी धामनोद विकास यादव द्वारा प्रकरण की विस्तृत जांच कर प्रतिवेदन सात दिवस की समयावधि में कलेक्टर कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

शासकीय आईटीआई रतलाम प्लेसमेंट कैंपस 6 प्रशिणार्थियों का चयन

रतलाम। शासकीय आईटीआई रतलाम में हैटीच इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के पीथमपुर प्लांट के लिए 23 जुलाई को एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंपस का आयोजन किया गया। कंपनी द्वारा सर्वप्रथम प्रेजेंटेशन द्वारा कंपनी की जानकारी दी गई। उसके उपरांत इंटरव्यू लिया गया, जिसमें कंपनी द्वारा निर्धारित मापदंड एवं इंटरव्यू के उपरांत 6 प्रशिणार्थियों का चयन किया गया। इंटरव्यू में सम्मिलित होने के लिए 35 प्रशिणार्थियों ने पंजीयन किया । सभी चयनित प्रशिक्षणार्थियों को 1 अगस्त 2025 को जॉइनिंग हेतु बुलाया गया। जिसमें उन्हें प्रतिमाह 15000 रूपए वेतन दिया जाएगा।

कथा अत्यंत महत्वपूर्ण और आध्यात्मिक रूप से प्रभावशाली होती है: आचार्य कश्यप

रतलाम। बुधवार को हाथीखाना स्थित श्री राजपूत समाज धर्मशाला में श्रावण मास के पवित्र अवसर पर श्री जागनाथ महादेव के पावन सानिध्य में शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का वाचन व्यास पीठाचार्य ब्रह्म ऋषि हेमंत कश्यप जी महाराज द्वारा की जा रही है। पोथी पूजन के मुख्य यजमान कमल सिंह राठौर (अमलेटा) व श्रीमती किरण राठौर द्वारा पोथी पूजन किया गया। शिव महापुराण कथा में आचार्य श्री हेमंत कश्यप जी ने शिव महापुराण की छठे दिन शिव महापुराण में छठे दिन की कथा अत्यंत महत्वपूर्ण और आध्यात्मिक रूप से प्रभावशाली होती है। यह दिन भक्तों के लिए विशेष होता है क्योंकि इसमें भगवान शिव की उपासना, कल्याणकारी स्वरूप, तथा शिव-सती-पार्वती कथा के मध्य भाग को विस्तार से बताया जाता है। दक्ष प्रजापति की पुत्री सती भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या करती हैं।शिवजी सती की निष्ठा, तप और प्रेम से प्रसन्न होकर प्रकट होते हैं। इसके पश्चात सती और शिव का विवाह होता है। सभी देवता, ऋषि-मुनि उस विवाह में सम्मिलित होते हैं। दक्ष प्रजापति एक महायज्ञ का आयोजन करते हैं, जिसमें भगवान शिव को आमंत्रित नहीं किया जाता।सती बिना बुलाए यज्ञ में जाती हैं, जहाँ दक्ष भगवान शिव का अपमान करते हैं। सती इस अपमान को सहन नहीं कर पाती और यज्ञ की अग्नि में कूदकर आत्मदाह कर लेती हैं। सती के आत्मदाह की सूचना मिलते ही भगवान शिव क्रोधित हो जाते हैं और वीरभद्र तथा भद्रकाली को प्रकट करते हैं। वीरभद्र यज्ञ स्थल पर जाकर यज्ञ को विध्वंस कर देते हैं और दक्ष का सिर काट देते हैं पश्चात शिवजी दक्ष को क्षमा कर पुन: जीवनदान देते हैं तथा यज्ञ पूर्ण कराते हैं। यह कथा हमें सच्चे प्रेम, निष्ठा और त्याग का संदेश देती है कि ईश्वर का अपमान करने वाला कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, उसका विनाश निश्चित होता है। पार्वती की भक्ति हमें यह सिखाती है कि यदि भक्ति सच्ची हो तो भगवान स्वयं प्रकट होते हैं। अनुष्ठान और पूजन विधि (छठे दिन)-प्रात: स्नान कर शिवलिंग पर जल, दूध और बेलपत्र अर्पण करें।? नम: शिवाय या महामृत्युंजय मंत्र का जप करें। सती-शिव विवाह की कथा का श्रवण करें। रात्रि में शिव भजन-कीर्तन करें। उक्त बात कथा में कहीं। शाम को 5 बजे आरती संपन्न की गई। इसमें मुख्य यजमान श्री राष्ट्रीय संगठन हिंदू सेना प्रदेश अध्यक्ष श्री कुमार विक्रम सिंह दरबार, महिला अध्यक्ष श्रीमती शिवानी सिसोदिया, कुशा भाऊ महिला मोर्चा, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा रतलाम, ब्रह्माकुमारीज, सनातन सोशल ग्रुप, भाजपा वरिष्ठ नेता मनोहर पोरवाल, रवि पवार, श्री तेज सिंह चौहान, श्रीमती ममता मनोहर सिंह चौहान उपस्थित थे ।

पुलिस का शैक्षणिक संस्थाओं में जागरूक करने प्रतियोगिताएं

नवभारत न्यूज

रतलाम। मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशानुसार 15 से 30 जुलाई 2025 तक नशे से दूरी है जरूरी विषय पर जिले में विशेष जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।

- नशे से दूरी का संदेश - रतलाम पुलिस द्वारा का जनजागरूकता अभियान जारी
- छात्र- छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों को दिया नशा मुक्ति का संदेश

यह अभियान पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा के मार्गदर्शन में सतत रूप से संपूर्ण जिले में क्रियान्वित किया जा रहा है।

नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत कार्ययोजना के अनुसार बुधवार को संपूर्ण जिले में अनुविभागीय अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के नेतृत्व में स्कूल कॉलेज एवं शैक्षणिक संस्थाओं में छात्र-छात्राओं के मध्य रंगोली, चित्रकला, निबंध, पेंटिंग, स्लोगन, पोस्टर प्रतियोगिताओं के माध्यम से नशा मुक्ति के संबंध में जागरूकता फैलाने के कार्य किया गया। नशा मुक्ति का संदेश देने के क्रम में प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं के उत्साहवर्धन के लिए पुलिस अधिकारियों द्वारा उन्हें पुरस्कृत किया गया।

सभी छात्र छात्राओं, उनके माता पिता एवं अभिभावकों तथा शिक्षकों को नशे के दुष्प्रभाओं से अवगत करवाकर नशे से दूर रहने की शपथ दिलवाई गई।

स्टेशन रोड पुलिस ने वीडियों संदेश से किया जागरूक

थाना प्रभारी स्टेशन रोड स्वराज डाबी द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान आने जाने वाले वाहन चालकों को नशे से दूरी है जरूरी के अभियान के तहत जागरूकता प्रदान की गई। वाहनों पर नशा मुक्ति पोस्टर चिपकाए गए। कलिका माता मन्दिर के पास नशा मुक्ति सेल्फी प्वाइंट लगाए गए। सोशल मीडिया पर स्टेशन रोड रतलाम पुलिस द्वारा वीडियो संदेश के माध्यम से जागरूकता प्रदान की जा रही है। वहीं थाना माणकचौक से उ नि सुभाष अग्निहोत्री द्वारा बाजना बस स्टैंड पर उपस्थित लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में अवगत करवाया तथा नशे से दूर रहने की शपथ दिलवाई। आलोट में थाना प्रभारी आलोट शंकर सिंह चौहान एवं मनोज पाटीदार द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर उ मा विद्यालय एवं शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय रिछा में निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही बच्चों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलवाई गई।

आदिवासी छात्रों से पुलिस की मारपीट की जांच डीएसपी करेंगे

रतलाम। चोरी के मामले में पुलिस थाने में पूछताछ के लिए लाए गए आदिवासी समाज के छह विद्यार्थियों की थाने में पिटाई किए जाने के मामले ने तुल पकड़ लिया है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने जांच अजाक डीएसपी अजय सारवान को सौंपी है । एसपी ने जांच के आदेश करते हुए जांच तीन दिन में कर जांच रिपोर्ट देने के आदेश दिए है।

आदिवासी समाज के इन छह छात्रों को पुलिस ने 18 जुलाई को पीएंडटी कॉलोनी निवासी 93 वर्षीय वृद्धमहिला का सोने का कंगन चोरी होने के मामले मे पूछताछ के लिए लेकर गई थी. जहां उनके साथ पुलिसकर्मियों ने मारपीट की थी। दो युवकों को अधिक चोट आने से जिला चिकित्सालय मे भर्ती कराया था। आदिवासी छात्रों के साथ मारपीट से आदिवासी समाज के लोगों में आक्रोश फैल गया था। भील प्रदेश मोर्चा ने 21 जुलाई को प्रदर्शन कर एसपी के नाम रतलाम ग्रामीण एसडीओपी किशोर पाटनवाला को ज्ञापन सौंपकर मारपीट करने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई करने की मांग करते हुए कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी ज्ञापन में कहा गया था कि 19 जुलाई की दोपहर कुछ पुलिसकर्मी महिला के घर के आसपास किराए से रह रहे आदिवासी समाज के छात्र पवन चारेल, राजेंद्र डामोर, गोरधन डामोर, मगन भाभर, प्रकाश पारगी व महेश गामड़ को।

पूछताछ के बहाने वाहन में बैठाकर औद्योगिक क्षेत्र थाने ले गए थे। उन्हें थाने पर दोपहर से रात 9 बजे तक भूखे प्यासे बैठाए रखा तथा शारीरिक व मानसिक रूप से परेशाननकर उनके साथ मारपीट की गई। अधिक चोट आने से पवन चारेल व राजेंद्र डामोर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ज्ञापन में मांग की गई थी कि जांच कर मारपीट करने वाले ज्ञापन देने के दौरान भील प्रदेश विद्यार्थी मोर्चा के प्रदेश संयोजक दिनेश माल, आदिवासी परिवार के ध्यानवीर डामोर, जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र मईडा, कालू बरोड़, वीपीसिंह हरि,जिला संयोजक अनिल मईडा, ब्लॉक संयोजक, देवा सिंगाड़, जिला सह संयोजक मिथुन सिंघाड़, देवचंद डोडियार, बहादुर डामोर, शैलेंद्र डामोर, सरपंच हिन्दूसिंह मचार,विकाश भाभर,भरत डिंडोर, दिनेश निनामा,पवन खराड़ी,जवान सिंह डामोर, चेतन चारेल, अतुल डामोर, रूनी खदेड़ा, सरवन डामोर आदि उपस्थित थे।

सोने के कंगन चोरी को लेकर लाए थे थने

इस मामले में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा सोशल मीडिया पर प्राप्त मारपीट की शिकायत की जांच कर 3 दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। पुलिस की और से जारी प्रेस रिलीज में बताया गया की 18 जुलाई 25 थाना औद्योगिक क्षेत्र रतलाम अंतर्गत प्रात: लगभग 4:30 बजे एक 93 वर्षीय वृद्ध महिला का सोने का कंगन कोई व्यक्ति चुराकर ले गया। फरियादी की रिपोर्ट पर धारा 303(2) बी एन एस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया ।थाना प्रभारी के अनुसार जांच के दौरान फरियादी द्वारा प्रकट किए गए संदेह के आधार पर कुछ लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। जिनसे पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया था। सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई कि उक्त पूछताछ हेतु बुलाए गए व्यक्तियों के साथ पुलिसकर्मियों द्वारा मारपीट की गई। जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रकरण पर संज्ञान लेकर उप पुलिस अधीक्षक अजाक को घटना के हर पहलू की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट 3 दिवस में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है।

सज्जन मिल स्थित शराब की दुकान पर जांच

रतलाम। खाद्य और औषधि विभाग की टीम ने बुधवार को शहर के सज्जन मिल स्थित शराब दुकान पर पहुंचकर जांच की। इस दौरान बोतलों की दिनांक सहित अन्य जानकारी जांची गई।

कलेक्टर राजेश बाथम के निर्देशन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन रतलाम के खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा मिलावट के विरूद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। आज 23 जुलाई को खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेश कुमार गुप्ता द्वारा सज्जन मिल रोड रतलाम स्थित शराब की दुकान लक्ष्मी ट्रेडिंग कंपनी पर निरीक्षण किया गया। मौके पर खाद्य अनुज्ञप्ति नहीं पाई गई जिसका प्रकरण तैयार किया गया एवं एक्सपायरी डेट की बीयर की जांच की गई। साथ ही हंटर स्ट्रांग बीयर और स्टॉक स्ट्रांग बीयर के नमूने जांच हेतु लेकर राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं जहां से रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

पत्थर फेंककर हमला, 7 पर प्रकरण दर्ज

रतलाम। विवाद के बाद मारपीट और पत्थर फेंकर कर हमला किया गया। पुलिस ने मामले में दोनों पक्षों के 7 लोगों पर प्रकरण दर्ज किया हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम सांवरिया रूंडी निवासी थावरा पिता भाणजी 55 का कैलाश पिता भाणजी मईड़ा, सीमा पति कैलाश मईड़ा, नंदीबाई पति सुखराम मईड़ा के साथ मिलकर थावरा, दिनेश रमिया, राजू के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी और पत्थर से हमला किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज किया। वहीं दूसरी और से नंदी बाई पति सुखराम की शिकायत पर थावरा, दिनेश और राजू मईड़ा के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया हैं।

पेड़ से गिरने पर मौत

रतलाम। एक युवक की पेड़ पर से गिरने के कारण मौत हो गई। बताया जा रहा था कि पेड़ पर चढ़ने के दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया था और वह हादसे का शिकार हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना सरवन थाना क्षेत्र के ग्राम पंथवारी की हैं। यहा के निवासी नाकुड़ा पिता पुंजा मईडा उम्र 50 वर्ष विगत दिनों गुंदी के पेड़ पर चढ़ा था। पेड़ पर वह डाल को काटने व छाटने के लिए चढ़ा था। उसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ा और वह नीचे गिर गया और उसकी मौत हो गई। वहीं सरवन थाना क्षेत्र के ग्राम खारचा में स्थित एक कुएं में डूबने से टीना पिता स्व. श्यामलाल खराड़ी उम्र 8 वर्ष निवासी ग्राम मोरझर हाल मुकाम ग्राम खारचा की मौत हो गई।

पेंशनर्स एसोसिएशन ने अपर मंडल रेल प्रबंधक से मुलाकात की

रतलाम। रेल मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक अक्षय कुमार से सेंट्रल गवर्नमेंट एवं रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन तथा ऑल इंडिया रेलवे पेंशनर्स वेलफेयर फेडरेशन रतलाम मंडल के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर पुष्पहार से स्वागत कर एसोसिएशन की पत्रिका भेंट की।ऑल इंडिया रेलवे पेंशनर्स वेलफेयर फेडरेशन वेस्टर्न रेलवे रतलाम मंडल के अध्यक्ष प्रकाश व्यास ने चर्चा के दौरान एसोसिएशन की समस्त गतिविधियों से अवगत कराया तथा अपर मंडल रेल प्रबंधक से संगठन के आगामी कार्यक्रम में उपस्थित होने का अनुरोध किया।इस अवसर पर एसोसिएशन के वरिष्ठ सलाहकार रामखेलावन कुमायूं, मनोहर पचोरी प्रवक्ता देवेंद्र वर्मा कोषाध्यक्ष सुधीरकांत दुबे सदस्य यू एल जायसवाल उपस्थित थे।

कमलप्रज्ञा मसा ने बताए व्यवहार को अच्छा बनाने के 5 सूत्र

रतलाम। श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ नीमचौक रतलाम पर चल रहे प्रवचन में पूज्याश्री डॉ कमलप्रज्ञा मसा ने बुधवार को कहा कि व्यवहार क्या है, व्यवहार कैसे बनता है, व्यक्ति की सोच से बनता है व्यवहार, व्यक्ति के आचार से बनता है व्यवहार, जीवन को सादा और सोच को उच्च रखना चाहिये। अधिक धन ज्यादा समय तक काम नहीं आता है काला पति या काली पत्नी चलेगी यदि उसका व्यवहार अच्छा है, गोरा पति या गोरी पत्नी अगर लड़ाकू है तो कोई काम की नहीं। व्यवहार को अच्छा कैसे बनाएं। इसके 5 सूत्र है।

- डॉ. कमलप्रज्ञा मसा ने नीम चौक पर प्रवचन में दिया मार्गदर्शन

मसा ने कहा कि पहला है जीवन की गाड़ी में विनम्रता का ग्रीस लगावे ताकि जीवन की गाड़ी स्मूथ चल सके। रंग का, रूप का, ज्ञान का, धन का अभिमान कभी मत करो कल तक महलों में रहने वाले आज झोपड़ों में आ गए हैं। और चाय बेचने वाला प्रधानमंत्री भी बन सकता है। दूसरा मंत्र है मुस्कुराने की आदत डालो मुस्कान चंदन के उसे तिलक के समान है जिसके माथे पर लगता है उसको भी शीतलता और खुशबू देता है और जो लगता है उसको भी शीतलता और खुशबू देता है । तीसरा मंत्र है मीठे शब्दों का प्रयोग करो। धन से भले ही दरिद्र हो जाओ लेकिन वचन से कभी दरिद्र मत होना ।सोच समझकर शब्दों का प्रयोग करो । चौथा मंत्र है कभी किसी की निंदा आलोचना मत करो आज जो आपके सामने किसी और की आलोचना कर रहा है वह किसी और के सामने कल आपकी आलोचना करेगा, नजरे बदलते ही नजारे बदल जाते हैं इसमें कभी किसी की निंदा और आलोचना में मत पढ़ो। पांचवा मंत्र है हमेशा हितकारी सोचो। आज का व्यक्ति बहुत ही सेल्फिश हो चुका है या तो बस स्वयं के बारे में सोचता है या फिर ज्यादा से ज्यादा अपनी पत्नी-बच्चे और परिवार और माता-पिता के बारे में सोचता है।

आत्मा की सुरक्षा के लिए धर्म किया जाता है : अमित प्रज्ञा मसा

अमित प्रज्ञा मसा ने कहा कि धर्म किसे कहते हैं वस्तु का स्वभाव ही धर्म है, आचार ही धर्म है, दया धर्म है, सेवा धर्म है, सामायिक करना प्रतिक्रमण करना तप करना धर्म है । धर्म करने से क्या मिलता है संसार समुद्र के बहते हुए पानी में जन्म और मृत्यु के गोते लगा रहे मनुष्य के लिये है धर्म एक टापू के समान है। गुरु की शरण में जाने वाला व्यक्ति कभी किसी से नहीं डरता है, शरीर की सुरक्षा के लिए हेलमेट और जूते पहने जाते हैं आत्मा की सुरक्षा के लिए धर्म किया जाता है । जब आपकी जेब में पैसा होता है तभी व्यक्ति आपका सुरक्षा कवच बनता है लेकिन धर्म का सुरक्षा कवच हमेशा काम में आता है। लाखों साल पहले धर्म था आज भी धर्म है लाखों साल बाद भी धर्म की शरण रहेगी । जल के बिना कपड़ों की धुलाई नहीं होगी रंग के बिना मकान की पुताई नहीं होगी धर्म के बिना आत्मा की सफाई नहीं होगी। धर्म को कभी आजमाने की जरूरत नहीं पड़ना चाहिए, मैं स्वयं आधा किलोमीटर में पैदल नही चल पाती थी।

जन्म जयंती पर माधवानन्द एकेडमी पर हुआ आयोजन

जावरा। मातृभूमि की गोद में कुछ बैटे जन्म लेकर मातृभूमि का ऋण अदा करने में संपूर्ण जीवन न्योछावर कर देते हैं। ऐसे ही देश की आजादी के दीवाने साहस शौर्य के प्रतीक शहीद चंद्रशेखर आजाद ने देश की आजादी के लिए अंग्रेजों के छक्के छुड़ाकर देश पर बलिदान हो गए। आपका त्याग बलिदान हमें राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है। उक्त विचार प्राचार्य मनीष शर्मा ने शहीद चंद्रशेखर आजाद एवं बाल गंगाधर तिलक की जन्म जयंती समारोह के अवसर पर श्री माधवानन्द एकेडमी पर व्यक्त किए। इस मौके पर ज्योति सोनी ने बाल गंगाधर तिलक के जीवन पर प्रकाश डाला। विद्यालय के बच्चों ने राष्ट्रभक्ति गीत प्रस्तुत किए तथा चंद्रशेखर आजाद की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम का संचालन बाबूलाल पांचाल ने किया तथा आभार भरत चारोडिया ने माना।

चंद्रशेखर आजाद एवं बाल गंगाधर तिलक का आजादी में रहा बड़ा योगदान

जावरा। भगतसिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चंद्रशेखर आजाद जयंती और बाल गंगाधर तिलक जयंती के अवसर पर विद्यार्थियों को चंद्रशेखर आजाद एवं बाल गंगाधर तिलक के जीवन के बारे में जानकारी दी गई एवं विद्यार्थियों को उनके जीवन से संबंधित तथ्यों को नोट करवाया गया । प्राचार्य डॉक्टर एजी पठान ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए बताया कि चंद्रशेखर आजाद एवं बाल गंगाधर तिलक का आजादी में बहुत बड़ा योगदान है और हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। तत् पश्चात रसायन विभाग की सहायक प्राध्यापक प्रोफेसर दीपिका पटवा ने विद्यार्थियों को दोनों महान पुरुषों के जीवन से संबंधित तथ्यों के बारे में बताया एवं दोनों महापुरुषों के संपूर्ण जीवनकाल काल की विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद रसायन विभाग के ही प्रोफेसर पवन भंवर ने विद्यार्थियों से कुछ प्रश्न किए जो कि विद्यार्थियों ने नोट भी किए । अंत में आभार प्रदर्शन रसायन विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर मनप्रीतसिंह ने किया एवं सभी को धन्यवाद भी दिया।

आक्रोश ▶ एमपीआरडीसी मुर्दाबाद के नारों के साथ निकाली बाइक रैली

जनहित संघर्ष समिति ने शुरू किया अनिश्चितकालीन आंदोलन

जावरा । जनहित संघर्ष समिति सदस्यो द्वारा उच्च अधिकारियो को भुतेडा 8 लेन रोड से लगा कर हिंगलाज माता मंदिर रतलाम मंदसौर फोरलेन रोड तक निर्मित होने वाले 4लेन रोड को लेकर सदस्यो ने व्यक्तिगत रूप से आपत्तीया और सार्वजनिक रूप से ज्ञापन दिए गए। बावजुद भी कोई सकारात्मक पहल मप्र सडक विकास निगम की और से दिखाई न देने के बाद समिती ने आंदोलन का निर्णय लिया। बुधवार को जनहित संघर्ष समिति द्वारा हुसैन टेकरी चौराहा से लेकर धाकड़ चौराहा तक एमपीआरडीसी मुर्दाबाद के नारों के साथ एक बाइक रैली निकाली। रैली के बाद धाकड़ चौराहा पर अनिश्चितकालीन आंदोलन की शुरुआत की। इस आंदोलन में पीडित किसान समर्थन के साथ बैठे। आंदोलन प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। पदाधिकारियो ने बताया की समिति ने अपनी प्रमुख मांगें जिसमे प्रमुख रूप से नया एलाइनमेंट रद्द करने, हिंगलाज माता मंदिर से हुसैन टेकरी चौराहा और हुसैन टेकरी चौराहा से भुतेड़ा तक जो नया एलाइनमेंट प्रस्तावित है उसे तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए। पुराने अधिग्रहण पर फोरलेन निर्माण सरकार द्वारा 2010 में जोयो चौराहा से भुतेड़ा तक जो पुराना अधिग्रहण (145 फ़ीट) किया गया था, उसी पर सिटी फोर लेन का निर्माण ज़मीन स्तर पर बिना ब्रिज के किया जाए। ग्रीनफील्ड रोड का निरसन यदि उपरोक्त दोनों मांगें पूरी नहीं होती हैं, तो ग्रीनफील्ड रोड को उज्जैन से भुतेड़ा 8 लेन तक ही सीमित कर निरस्त किया जाए और भुतेड़ा चौराहा से जोयो चौराहा तक पुराना मार्ग यथावत रखा जाए। इस मौके पर गोपाल सालित्रा, जगदीश सालित्रा, नाहरूलाल, विनोद, मुकेश, जुनैद अब्बासी, शरीफ, पंकज, टींकल, शैरू शाह, अनिल दिया, मांगीलाल, जितेन्द्र, रईस खान, संजय तलेसरा, सद्दाम, अनिल, कैलाश बम्बोरिया, हेमु प्रजापत, नंदकिशोर पाटीदार, बद्रीलाल पाटीदार, कैलाश आदि प्रभावित 200 के लगभग किसान व व्यापारी उपस्थित रहे।